SHRI SHABBIR AHMED SALARIA (Jammu and Kashmir): Mr. Vice-Chair-man, Sir. today we are discussing a very important question with regard to the atrocities on the weaker sections and the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. The statement made by the Minister is incomplete and has made no reference to the women and the weaker sections such us the minorities and the child rem who are also suffering and groaning in the present system. The reason should be found as to why the caste system is in force in our country and so long as caste system is there, can the lot of the Harijans be improved? I feel the main reason why the Harijans are suffering is the caste system and the caste system finds place in the religion, So long as it is ingrained in religion and in the minds of the general public, we cannot get rid of it and. they are treated as something less than human beings. Education is needed to given right from the inception in such a manner that in the minds of the people, the poison of casteism is removed. That will take a long time. Fifty years which we have spent since independence, in that, our educational policy was not directed towards this. Mr. Kesri may take care of it and he may talk to the Education Department and to those who have to make the educational policy of this country that the only way to save the Harijans of our country is to remove the rancour of casteism which is present in the minds of the people. Now, so far as women are concerned, for centuries they were deprived of civil rights to inherit property. Even now Mr. Kesri may get into touch with the Law Department of the Government of India and see whether or not in coparcener property the woman has still no right so far as Hindus are concerned and he may also please see whether the Harijans, are properly represented because an important question has been raised today that he who is elected on a Scheduled Caste ticket—Mr. Kesri may kindly be careful to consider this—on a Scheduled Caste ticket he is generally elected by the votes, other than the Scheduled Castes. And it is now contended that he does not represent the Scheduled Castes. If we have to win the confidence of the Scheduld Castes, I think the suggestion made by Shri Ambedkar deserves consideration. These are basic issue which have to be resolved by careful attention and by deep thought. Thirdly, I will submit that in order to better the lot of the Harijans, the weaker sections of the society the present economic system in which most of the land is owned by some and others are serfs on the land which Ss also one of the reasons why atrocities on these sections of the community take place —they are generally landless labourers—, do away with the landlordism, leave very little land except that which is tilled by the landlords. Don't leave so much of land with the landlords that they can have serfdom in India. Unless and until that serfdom is done away with, unless and until that flefdom is done away with, the lot of the rural people cannot be impro-ved.

[Shri Shabbir Ahmed Salaria]

I would like to submit one more thing. How many of us are today prepared in the Hindu society to inter-marry with those who belong to lower castes? How many of, us in the general public are pre pared to interdine with them or to mix with them freely? This shows that this malady is very deep-rooted and it will take a long time to remove this totally. The earlier the hon. Minister starts introducing new policies in the educational department and new reforms in the agricultural system of the country, the better it is. Then these people suffer because they have no part in the present power-structure as Mr, V. P. Singh has said. There is truth in that. The present power-structure is such that they are kept out of power. Unless and until they are made sharers in power, their lot cannot be improved. How long will they continue to be beggars? Unless and until they are given a share inpower on some method evolved by a consensus, their lot cannot be improved. With these words, I conclude. Thank you.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, इस माननीय सदन में अनुसूचित जाति, जनजाति और दूसरे कमजोर वर्गों के प्रति होने वाले अन्याय के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर आज जो चर्चा हो रही है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है । यह एक राष्ट्रीय महत्व का प्रश्न है । चर्चा के दौरान जैसी की सदन के समक्ष सारी बातें आ रही हैं, उनसे एक बात स्पष्ट हो रही है और जो सही भी है कि इसमें हम सब लोगों को पार्टी-लाइन से ऊपर उठकर सोचने का काम करना है तभी जाकर के देश के ऐसे समाज के लोगों को यह संदेश मिल सकेगा कि सचमुच में जो देश की सर्वोच्च संस्था है सदन, उस सदन में कितनी गंभीरता के साथ इस प्रश्न पर विचार किया गया है ।

महोदय, पिछले दिनों देश के कोने-कोने में इन जातियों के लोगों के साथ जो घटनाएं घटी हैं, उन घटनाओं के आधार पर इस तरह के प्रस्ताव पर आज चर्चा करने की बात आई है । जब यह प्रश्न हमारे सामने आया है तो महिलाओं के ऊपर होने वाले अत्याचार भी उससे संबंधित हैं । अभी कल ही इसी सदन में अलीगढ़ की एक महिला की बात आई कि अलीगढ़ जिले के मरौना गांव में यह महिला अपने खेत में काम कर रही थी और काम करते समय उसका अपहरण कर लिया गया, छह दिन तक गुप्त रखा गया, उसके साथ बलात्कार भी किया गया, यह बात भी सदन में आई । उसके पहले भी जिस तरह से मराठवाड़ा में एक अनुसूचित जाति का सब-इंस्पेक्टर वर्षा से भीगने से अपने को बचाने के लिए मंदिर की सीढ़ी पर चढ़ता है तो पत्थर-बाजी कर-करके उसको मौत के घाट उतार दिया जाता है, यह बात भी सदन में आई । इसी तरह से फतेहपुर में पिछले दिनों जो आदिवासी लोगों के बाईस-बाईस घरों को जलाया गया, उजाड़ा गया । देश में सारी जगहों पर ऐसी घटनाएं जो हो रही हैं, इस समय मैं उन घटनाओं में नहीं जाना चाहता, लेकिन यह जो सारी घटनाएं हो रही है, यह हमको चौंकाने वाली हैं, देश को चौंकाने वाली हैं । तथा बहुत चिंता का विषय है और इसीलिए शर्म से हमारा माथा झुकता है कि आखिर क्या हो रहा हैं । जब ऐसी स्थिति आ रही है तो इसमें हमें जरूर कुछ कारणों की तरफ ध्यान देना होगा कि आखिर वे कौन से कारण हैं ? इसमें सामाजिक कारण भी हैं, आर्थिक कारण भी हैं । इसीलिए संविधान निर्माताओं ने जिस समय संविधान बनाया जा रहा था, उस समय जस्टिस, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, इन सभी शब्दों को जोड़कर के जो संकल्प लिया था इस देश को बनाने का, उसके आधार पर संविधान में बहुत सी व्यवस्थाएं हुई, उनके आधार पर बहुत से कानून भी बने, लेकिन उसके बावजूद भी इतने दिनों बाद तक भी हमें इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर चिंतन करने का, मनन करने का और बहस करने का समय आ रहा है, जो अपने आप में एक गंभीर बात है । इस आधार पर मैं माननीय मंत्री जी को यह कहना चाहता हूं कि बहुत सी चीजें हैं, जैसे

एक तो समाज के लोगों को भी सोचना पड़ेगा जो हमारे यहां जाति-प्रथा रही है, जिस जाति-प्रथा के रहते हमारा देश कभी गुलाम भी हुआ था और आजादी के बाद भी जिस तरह से जाति-प्रथा चली आ रही है, यह एक सामाजिक अभिशाप है और उससे जो छूत-छात और ऊंच-नीच का भेदभाव है, यह हमारे देश के लिए आज भी कलंक की बात है । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस चीज को समाप्त करने के लिए उसे राष्ट्रीय आन्दोलन से जोड़ने का काम किया था, आजादी के बाद जिस तरह से संविधान निर्माताओं ने संविधान में व्यवस्था दी थी, उसके बावजूद भी जो इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, ये कानून में आने वाली नहीं हैं। इनसे तमाम स्तरों पर निपटना होगा, सामाजिक स्तर पर निपटना होगा । सारे देश के, समाज के लोगों को सोचना पड़ेगा कि आखिर हम क्या कर रहे हैं? अंतर्मुखी सोचकर के सोचना पड़ेगा और सोकर उस दिशा में प्रयास करना होगा कि जो अस्पृश्यता एवं ऊंच नीच का भेदभाव समाज के लिए और देश के लिए एक राष्ट्रीय कलंक बना हुआ है, उसे धोने का काम करने के लिए हम किस तरह से प्रयास करें, इस पर विचार करना पड़ेगा और इसे करने के लिए अंतरजातीय विवाह की तरफ भी ध्यान देना होगा । मैं माननीय मंत्री जी से चाहता हूं कि कोई ऐसा कानून भी बने, इस पर विचार किया जाए । जो लोग इस तरह से अंतरजातीय विवाह करते हैं, उनको सरकारी नौकरियों में या दूसरी सुविधाएं देने के लिए क्या सरकार विचार करेगी?

साथ ही साथ एक और बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है । रोटी, कपड़ा और मकान की समस्या देश के अंदर रही है, लेकिन अब जैसे-जैसे शिक्षा बढ़ती चली जा रही है तो जो सम्मान से जीने की भावना है, जो हजारों बरसों से पीड़ित समाज के मन में—अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी और महिलाएं भी उपेक्षित रही हैं, उनके मन में जो सम्मान से जीने की भावना आ रही है, यह भी एक कारण है और उस कारण की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए ।

बहुत से झगड़े, जो दिखाई पड़ते हैं, वे जमीन के झगड़े होते हैं । आज आजादी के इतने दिनों बाद भी जमीन जोतता तो है किन्तु गरीब है, खेत पर काम करता है, मेहनत करता है, लेकिन जमीन उसके नाम नहीं हो पाती, दूसरों के नाम ही जमीन रहती है । जमींदारी प्रथा का अंत हुआ, बहुत सी जमीनें मिलीं लेकिन आज तक किन्हीं कारणों से जिस तरह से वह जमीन गरीब समुदाय को मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है, इसकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए । इसके साथ ही साथ इस तरह की व्यवस्था करनी चाहिए कि जो हजारों मुकदमें लैंड सीलिंग के अदालतों में चल रहे हैं, उनके निपटारे की व्यवस्था होनी चाहिए और उस जमीन का बंटवारा उस समाज के अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के बीच में होना चाहिए ।

एक और बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि हमारे जंगल हैं, उन जंगलों में आज हमारे सारे प्रोजेक्ट्स दिखाई देते हैं । आदिवासी उससे प्रभावित होते हैं, उनके लिए भी समय-समय पर जो पुनर्व्यवस्था का प्रश्न होना चाहिए, वह भी नहीं हो पाता है। इस पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

एक बात और बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यह जो रिजर्वेशन का कोटा है, यह कोटा पूरा नहीं हो पा रहा है और मैं यह बहुत अदब से निवेदन करना चाहता हूं कि इस समय एक लाख ग्यारह हजार से ऊपर सरकारी नौकरियों में बैक-लॉग पड़ा हुआ है अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का । राजीव गांधी थे, हमारे नेता थे, देश के नेता थे, प्रधान मंत्री थे, उन्होंने इस बात को ध्यान में रखकर के, यह जो कोटा पड़ा है बैक-लॉग का, विचार किया कि किस तरह से हम आरक्षण के कोटे को पूरा करें और उन्होंने विशेष अभियान चलाने का काम किया था । मैं चाहूंगा कि फिर इस दिशा में कदम उठाकर के विशेष अभियान चलाने का काम किया जाए ताकि जो हमारे अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग

[श्री राम नरेश यादव]

हैं और जिनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं हो रहा है, उनका कोटा पूरा हो सके । महोदय, मैं उत्तर प्रदेश में मुख्य मंत्री था, हमने देखा कि जो हमारे अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग हैं, हमारे यहां आरक्षण था 18 फीसदी अनुसूचित जाति, 2 फीसदी अनुसूचित जनजाति हमने देखा कि वह पूरा नहीं हो रहा है, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी में पूरा नहीं हो रहा है तो हमने 25 फीसदी और 30 फीसदी--तृतीय श्रेणी में 25 फीसदी और चतुर्थ श्रेणी में 30 फीसदी आरक्षण को बढ़ाने का काम किया था ताकि वह भी कोटा उस आधार पर पूरा हो सके । साथ ही

5.00 P.M.

साथ हमारे लिये अभिशाप की एक बहुत बड़ी चीज है और वह है कि हमारे समाज के कुछ लोग अपने सिर पर मैला ढोने का काम करते हैं, घरों से निकालते हैं, हमारी महिलायें करती हैं, समाज के लोग करते हैं । हमने घोषणा-पत्र में इस प्रथा को समाप्त करने के लिए पांच साल के लिये कहा है । लेकिन माननीय मंत्री जी से मैं चाहूंगा कि नयी सरकार है और आप समाज कल्याण मंत्री हैं, ऐसी व्यवस्था करें कि तीन साल के अंदर ही यह समाज के लिये जो अभिशाप बना हुआ है उसको खत्म करने का काम करें । यह भी समाज के लिये बहुत बड़ी देन होगी । साथ ही साथ समाज के इन लोगों की शिक्षा भी नहीं हो पा रही है । बहुत से स्कूलों में सबसे अधिक जो ड्रौप आऊट है यह हमारे अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग और घरों की हमारी बच्चियां हैं, आखिर जब तक शिक्षित नहीं होंगी तो राष्ट्रीय धारा से कैसे जुड़ेंगी ? इसलिये आपको इस तरह की व्यवस्था करनी होगी ताकि समयबद्ध कार्यक्रम के आधार पर वह शिक्षित हो सकें और शिक्षित होने के बाद राष्ट्रीय धारा से जुड़ सकें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि इस पर गंभीरता के साथ सरकार ध्यान दें ताकि यह समस्या राष्ट्रीय स्तर पर हल हो सके । धन्यवाद ।

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिये धन्यवाद । महोदय, वैसे तो दलितों पर होने वाले अत्याचारों की बड़ी लम्बी दास्तानें हैं और बड़ी दिल दहलाने वाली दास्तानें है, चाहे वह बिहार के बेलची, पिपरा या पारसबीघा या मधेपुरा कांड हो, चाहे उत्तर प्रदेश का पनवाड़ी, रूदायन फतहपुर या साढ़ू और देवली कांड हो जिसमें दो-दो दर्जन लोगों को एक साथ मौत के घाट उतार दिया गया, या फिर मध्य प्रदेश का सलैया कांड हो, जिसमें दलित महिलाओं को सिर्फ इस खुशी में और इसलिये नंगा नचाने की कोशिश की गयी कि वहां कांग्रेस की सरकार नहीं, बल्कि भाजपा की सरकार आयी । और चाहे राजस्थान, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश की तो अभी नयी-नयी घटनायें हैं, जिन पर यहां चर्चाएं हो रही हैं । अभी हमारी बहिन सुषमा जी कह रही थी कि मराठवाड़ा में दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है । तो मैं यह कहना चाहती हूं कि भारतीय जनता पार्टी ने तो मंदिर की राजनीति की थी । इसमें दलितों की भावनाओं के साथ भी खूब खिलवाड़ किया गया, मैं तो खुश होती..... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : हमने उस मंदिर का शिलान्यास हरिजन से करवाया । देखा गया है कि यहां जितने भी भाषण हुये हैं वह दलगत निष्ठाओं से ऊपर उठकर हुये हैं । आप पहली बार इसका राजनीतिकरण कर रही हैं । लेकिन अगर भाजपा की बात सुनना चाहती हैं तो... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKAI): Please, don't interrupt.

श्रीमती सुषमा स्वराज : तो मैं रिकार्ड पर लाना चाहती हूं कि मंदिर का जो शिलान्यास हुआ था वह भाजपा ने हरिजन से करवाया था ।

श्रीमती सत्या बहिन : मैं दलगत राजनीति की बात नहीं करना चाहती हूं... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप शुरु से भाजपा-भाजपा बोल रही हैं कि भाजपा मंदिर की राजनीति करती है, तो भाजपा ने मंदिर का शिलान्यास एक हरिजन से कराया ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKIA): Please, Sushma Swaraj, Don't interrupt.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं तो यह निवेदन करना चाहती हूं कि... (**व्यवधान**) वोटों की राजनीति की... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKIA): Don't enter into arguments; otherwise, I shall call the next speaker. Please be brief and make your points. *(Interruption)* Ms. Sushma Swaraj, don't enter into arguments. This is not the time to enter into arguments.

श्रीमती सत्या बहिन : उपसभाध्यक्ष महोदय, अब मैं नाम नहीं लेती, लेकिन निवेदन इतना जरुर करना चाहती हूं कि मंदिर की राजनीति करने वाले, यह अगर मंदिरों में हरिजनों के प्रवेश से ही आंदोलन शुरु करते तो उनको सही व सच्चा जन समर्थन मिलता । परन्तु वह मंदिर की राजनीति केवल वोटों की खातिर करते हैं.... (**व्यवधान**)

दूसरी बात, महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि अधिकतर दलितों की केवल भावनाओं से खिलवाड़ किया जाता है, केवल कोरी, मुंह जबानी सद्भावना और भावना की राजनीति की जाती है । कर्तव्यपूर्ण भावना ताक पर रख दी जाती है । महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि जितने राजनीतिक दल हैं, अगर वह सिर्फ अपने कर्तव्य का ही पालन करें कि हमें दलित समाज के लिए क्या करना है ? चाहे वह राजनीतिक दल हों, चाहे वह आजादी के बाद का समाज हो, चाहे वह सरकार रही हो, चाहे कोई भी सरकार रही हो, मैं किसी सरकार का नाम नहीं लेना चाहती हूं । मंडल के नाम पर भी दलितों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ ही किया गया । मैं कहना चाहती हूं कि हमारे नेता श्री राजीव गांधी जब प्रधान मंत्री थे तो उन्होंने मेरे प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा० आम्बेडकर की जन्म शताब्दी पर डा० आम्बेडकर के नाम पर एक विश्व विद्यालय की आधारशिला रखी । लेकिन उसके बाद कांग्रेस की सरकार दुर्भाग्यवश नहीं रही और उसके बाद आने वाली सरकारों ने मंडल की राजनीति की और जिन्होंने केवल वोट की खातिर जातीय भावनाओं को उभारा, उन लोगों ने उस पर आगे कोई काम नहीं किया । पिछली सरकार ने भी और इसके बाद दो सरकारें आई, प्रदेशों में भी और केंद्र में भी..... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKTA): Please don't interrupt.

श्रीमती सत्या बहिन : लेकिन जो सच्चाई है वह तो मैं कहूंगी ही । मैं यह कहना चाहती हूं कि दलितों की भावनाओं के साथ कोई खिलवाड़ न हो, इसके लिए ठोस उपाय किए जाएं, कानून बनाए जाएं तभी इस पर सही मायनों में काम हो सकता है । हम केवल सदन में चर्चा करके या फिर किसी मंच पर भाषण करके दलितों का उद्धार नहीं कर सकते । इस संबंध में मैं कुछ सुझाव देना चाहती हूं । जहां-जहां पर दलितों पर अत्याचार होते हैं, वहां पर उन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए । महोदय, जहां भी दलितों के ऊपर अत्याचार होते है, वहां उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी जाती है । मैं सुझाव देना चाहती हूं कि जब भी खबर मिले तब रिपोर्ट लिखी जानी चाहिए । इसके लिए कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए और वहां के अधिकारियों पर इसकी जिम्मेदारी डाली जानी चाहिए और सांसदों पर विधायकों पर भी इसकी जिम्मेदारी डाली जानी चाहिए ।

मेरा एक निवेदन यह है कि जहां पर अत्याचार होते हैं वहां पर उन सवर्ण लोगों के लाइसेंस जब्त किए जाने चाहिएं । जहां पर अत्याचार होते हैं, अगर वहां वे लाइसेंसधारी लोग दलितों की सुरक्षा के लिए आगे नहीं आते बल्कि

श्रीमति सत्या बहिन]

अत्याचारियों के साथ खड़े हो जाते हैं अतः इस बात की विशेष व्यवस्था होनी चाहिए कि उन लोगों के लाइसेंस जब्त किए जाएं । महोदय, दलितों की आत्मरक्षा के लिए भी शस्त्र लाइसेंस की व्यवस्था की जानी चाहिए । इसके बारे में मैंने कल भी विशेष उल्लेख के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया था कि इसके लिए कुछ अनिवार्य प्रशासनिक व्यवस्था की जानी चाहिए ।

एक बात मैं यह कहना चाहती हूं कि दलितों पर जहां भी अत्याचार होते हैं वहां मुआवजे की राशि कुल 10,000 रुपए दी जाती है । मैं पिछले दिनों मध्य प्रदेश में गई थी जहां सलैया में एक कांड हुआ था । तो वहां के गृह मंत्री ने कहा था कि 10,000 रुपये से ज्यादा हम नहीं दे सकते । महोदय, जब भी कोई रेल दुर्घटना होती है तो मरने वाले रेल यात्री को एक लाख रुपया दिया जाता है ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : मान्यवर, मैं बहुत संक्षेप में कहना चाहती हूं कि जहां पर दलितों पर, महिलाओं पर और वीकर सैक्शंस पर अत्याचार हों तो दंड एवं मुआवजे की राशि दोनों को बढ़ाया जाना चाहिए और इसको 2 लाख रुपए करना चाहिए । मेरा दूसरा निवेदन यह है कि जहां शिक्षा का प्रसार नहीं होता है, जो क्षेत्र पिछड़े होते हैं वहां पर दलितों पर अत्याचार ज्यादा होते हैं । तो शिक्षा के प्रसार पर भी ध्यान देना चाहिए ।

महोदय, एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात हमारे साथी राम नरेश जी ने कही है कि हमारे यहां अंतरजातीय विवाहों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए । जो लोग अंतरजातीय विवाह करें उनको प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाना चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): There is no need for explanation. Please conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : महोदय, आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी कुछ काम किया जाना चाहिए । इन लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए । महोदय, दलितों के लिए स्व-रोजगार योजना का भी प्रावधान होना चाहिए और उनको बैंकों से उदारतापूर्वक धन दिया जाए ताकि वे अपना रोजगार चला सकें और अपनी दयनीय दशा से उबर सकें । धन्यवाद ।

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMB1 (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, it is a fundamental and a very important issue and it is not going to be settled in the immediate future. The issue has prevailed in the Sub-Continent for the last 2000 years. The hon.-Minister has read a statement. The information given in the statement is- not very comprehensive. For example, from the, statement we. cannot find out whether the atrocities have increased or decreased. We all of us know that the atrocities have increased throughout the country.' We. do not want to accuse any political party- or any particular Government in any State. This is a common issue which is affecting the whole country. Therefore, we have to see it in the national perspective cutting across party lines. Has the Government tried to find out the cause of this malady? What I feel is that after independence, scientific knowledge has • developed in India but there is no scientific approach.

The so-called Harijans are supposed to be men of God, but God himself has not saved them for the last two thousand years.' They'are facing acute humiliation and they undergo torture, rape, naked terror, burning, etc. and many other types of atrocities are committed against them. But one. thing we can find out. The root cause for this is that we are practising the Varnashrama Dharma. Until and unless the Varnashrama Dharma is completely banished from the minds of the people, these evils cannot be eradicated at all. We have passed so many lays and the

Constitution also has many provisions. If, in spite of these laws, these atrocities .are still committed, it .is because Of. the Varnashrama Dharma. The Manu Smriti should be banned in this country and wherever we find, we must burn this book "or bury' it five fathom deep.

Coming to_ the statement made by the Minister, I would like to point out one thing. Two* or three things have been mentioned in particular in' the statement and*yet it is very vague. -Firstly, it says that-there will be-a National.Commission for Scheduled Castes, and Scheduled Tribes. Secondly, it says that it has been decided to set up a Control Room in the Department of Welfare shortly. Thirdly, it says that the Prime Minister has also

-expressed -his eagerness to call a meeting of all the Chief Ministers. The first point in the statement is vague because it says that "There, shall be a National Commission". It is yet to be set up. The second point in the statement says, "It has been decided to set up a Control'Room....". It has only been decided. That is'all. The third point w that the Prime • Minister "has expressed his eagerness to .call, a meeting

..... ". It means that the Prime Minister has not at all decided to call a meeting of the Chief Ministers, but he has only expressed his'eagerness. Therefore, on these counts, I feel, the statement is unsatisfactory-. In-this manner, I think, we cannot settle. this issue and solve this problem.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKIA): O.K. Now, you conclude.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Therefore, what I want to-say is- that the Government should take some concrete .action. Otherwise, we cannot settle this issue in this manner. For that purpose, we must develop the scientific approach among the people in this country rather than scientific knowledge alone. Thank you. Sir.

SHRI GURUDAS DAS GUP I A: Sir, may I make a submission? Since the Home 'Minister is' here ' now and since this problem concerns his Ministry also, may I request the .Home-Minister .to . make an intervention and . say Minister to make an intervention and say something on the growing atrocities en the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes?

श्रीमती रेणुका चौधरी : मंत्री जी, महिलाओं की क्या परिस्थिति है, वह भी सुना दीजिए ।

श्री सी.राम केसरी : मान्यवर, अपने आदरणीय सदस्यों के सुझाव और विचार मैं बहुत गौर से सुन रहा था । यह साफ है कि सदियों का यह कोढ़ है एक-दो वर्षों का या 40-50 वर्षों का नहीं है, यह 3 हजार वर्षों का कोढ़ है । बी० सी० 500 में ये चांडाल के रूप में कहे जाते थे । फिर ए. डी. 1700, 1800 और 1900 में यह अनटचे बल या अछूत हुए । उसके बाद 20वीं सदी में यह हरिजन कहे जाने लगे और आज इनको अनुसूचित जाति की संज्ञा दी गई है ।

एक माननीय सदस्य : 21वीं सदी में क्या कहे जाएंगे ?

श्री सीताराम केसरी : 21वीं सदी में आगे आने वाले दिन बताएंगे । लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज सभ्य संसार में जो सभ्य राष्ट्र हम कहे जाते है जिसके हम सभी देश सदस्य हैं, एक भी हरिजन का खून या एक भी बहन के आंसू हमारे लिए दाग है, हमारी सभ्यता के चेहरे पर काला धब्बा है । जिस समय मेरी बहन बोल रही थी उसकी पीड़ा मेरे हृदय में टीस पैदा कर रही थी । मैं भी सोच रहा था कि वह सत्य ही बोल रही हैं, कहीं उसमें अधिकता नहीं है, कहीं उसमें अतिश्योक्ति नहीं है । यह भी सत्य है कि मैंने जो वक्तव्य आपके सामने रखा वह सरकारी विवरण है और जो आपने मांगा उसके आधार पर यह विवरण देना ही था । मगर आपने अपने वार्तालाप के मध्य सामाजिक कुरीतियों की ओर मेरा ध्यान दिलाया ।

गुरूदास दास गुप्त जी ने एक बड़ी इम्पोर्टेन्ट बात उठाई है आर्थिक व्यवस्था के बारे में । यह सत्य है कि जमीन की चकबंदी के अभाव में जमीन को लेकर बात हो रही है । इतना ही नहीं इसके अलावा

[श्री सीताराम केसरी]

उनके सम्मान पर उतना नहीं, बल्कि, जो सामाजिक निहित स्वार्थ अपर जाति के लोग हैं उनका उन पर दबाव है । जिस समय एक खाट पर बैठ कर एक अछूत या गरीब को जाते हुए देखता है और जब वह अछूत या गरीब बेचारा उठता है तो खाट पर बैठने वालों के कलेजे में चोट होती है । वह चोट का परिणाम है हिंसा । हर गांव का यह दस्तूर है । आप सत्य कह रहे हैं । हम आपकी भावनाओं के साथ है । मालवीय जी आपने जो बातें कहीं, मैं आपको बताऊं कि आज से आप 80 वर्ष पूर्व चले जाइये, गांधी जी के युग को याद कीजिए । 1918 में त्रिवेन्द्रम में क्या हुआ । त्रिवेन्द्रम के मंदिर में 500 फीट की दूरी तक कोई हरिजन नहीं जा सकता था । कोई अछूत प्रवेश नहीं कर सकता था । यही वजह है कि तमिलनाडु में परियार का जन्म हुआ । सामाजिक कुरीतियों ने, सामाजिक अत्याचार ने, सामाजिक रूढ़िवादियों की विशेषकर हिन्दू धर्मावलम्बियों की, मठाधीशों की, महापंडितों की, पांडवों की, पुजारियों की वजह से वर्षों से समाज कई भागों में विभाजित होता गया । कुछ लोग क्रिश्चन हो गये, कुछ लोग बुद्धिस्ट हो गये, कुछ लोग इस्लाम में चले गये । आज भी अत्याचार का अभाव नहीं है, यह सत्य है । आपने ठीक निर्देश दिया मालवीय जी कि मराठवाड़ा में क्या हो रहा है । एक मराठवाड़ा हो तो हो, किस गांव में मराठवाड़ा नहीं है । पुलिस हो या सीताराम केसरी मंत्री हो या आप सदस्य हों, चाहे विरोधी दल हो या यह दल हो, वह दल हो सामाजिक कुरीतियों की हम सभी जर्जर अवस्था में बैठे हुए हैं । इससे मुक्त होना होगा ।

श्री आर० के० धवन (आन्ध्र प्रदेश) : कैसे मुक्त होंगे यह बताइये ।

श्री सीताराम केसरी : गांधी जी ने संदेश दिया था कि सामाजिक अन्याय का अंत करो । जब स्वराज की लड़ाई लड़नी थी तो उन्होंने सर्वप्रथम क्या किया था ? सामाजि विषमता का अंत किया था । अछूतों का नाम हरिजन इसलिए नहीं रखा कि जिनको अछूत समझा जाता था उनको कहा गया की हरिजन ये हैं तुम नहीं हो । इसका मतलब यह था कि उनकी भर्त्सना थी, समाज के उस अंग की भर्त्सना थी जिसने उनको वर्षों से अछूत बना कर रखा था । मालवीय जी आपने ठीक कहा । एक बात का मैं आपको उत्तर देना चाहता हूं कि जो आपने आयोग की बात कही उस आयोग को स्टेट्टरी पावर दी जा रही है और उसका फैसला हो चुका है । उस आयोग के अन्तर्गत हरिजन, आदिवासी का आयोग बनेगा । उसके अन्तर्गत किसी को भी बुलाकर गवाही ले सकते हैं । घटनाक्रम की छानबीन कर सकते हैं । गुरूदास दास गुप्त जी ने लेंड रिफार्म के बारे में कहा था । हमारे प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से घोषणा की थी की लेंड रिफार्म हम शीघ्र लायेंगे और इस दिशा में वह सक्रिय कदम उठायेंगे । श्री राम नरेश जी ने दो शब्द उठाये हैं । उनके बारे में मैं कह देना चाहता हूं । उन्होंने रिजर्वेशन के बैकलॉग के बारे में कहा । इस दिशा में भी मैं सीरियसली सोच रहा हूं । हरिजनों का जो बैकलाग होता है, रिजर्वेशन का कोटा होता है, चाहे क्लास 'ए' का हो, चाहे क्लास 'बी' का हो, मैं अब इसको लेजिस्लेटिव रूप की बात सोच रहा हूं । मैंने इस दिशा में अपने विभाग को कदम बढ़ाने के लिए कहा है । मैं चाहता हूं कि बैकलॉग का डिरिजर्व न किया जाय, जनरल पूल में न लिया जाये, उसको कैरी फारवर्ड कर दिया जाये, इस विचार को मैं मानने वाला हूं ।

जहां तक नाइट साइल की बात है, वास्तव में यह सभ्यता पर दाग है । अब तक अब तक इस सरकार का और इसके पूर्व की सरकार का कोई पच्चीस करोड़ का प्रावधान था । मैंने वित्त मंत्री से लड़कर इसको 50 करोड़ करा दिया है । 250 करोड़ मैंने पंचवर्षीय योजना में आवंटित करा लिये हैं । अब तक 25 करोड़ का प्रावधान था और अब मैंने इसको 50 करोड़ का प्रावधान करा लिया है । सिवाय 25 सौ करोड़ से कम में काम चलने वाला नहीं है । 25 करोड़ से 50 करोड़ इस आर्थिक संकट के समय में उन्होंने मान लिया है । हम बनिया हैं, धीरे धीरे बढ़ाकर

इसको हम लेंगे, इतना मैं विश्वास दिला देना चाहता हूं और मुझे विश्वास है कि 5—6 वर्षों में इसको एबालिश कर दिया जाएगा, यह मैंने योजना बनाई है।

श्री रामनरेश यादव : तीन - चार साल में यह राष्ट्रीय काम हो जाएगा, इससे बड़ा काम कोई दूसरा हो नहीं सकता है।

श्री सीताराम केसरी : डा० अम्बेडकर ने एक बात कही थी कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने महाराष्ट्र गवर्नमेंट को कोई अनुदान नहीं दिया । मैं कहना चाहता हूं कि 2 करोड़ 4 लाख रुपयों का अनुदान हमने दिया है, यह मैं आपको विदित करा देना चाहता हूं। मालवीय जी ने बहिनों के संबंध में कहा और दूसरे वीकर सेक्सन के बारे में कहा। उन्होंने आरोप लगाने के साथ-साथ मुझे आरोप मुक्त भी कर दिया कि यह गृह विभाग से संबंधित है । मगर फिर भी हम लोग कलेक्टिव रिस्पोंसिबिलिटी के अन्तर्गत इसको लेते हैं और इसकी तालिका आगे हम देंगे, इस बात से हम आपको आश्वस्त कर देते हैं । किसी ने यह बात उठाई कि समाज में वीकर सेक्शन पर होने वाले अत्याचारों की जिम्मेवारी सरकार पर है । सरकार की जिम्मेवारी को मानते हुए हम अपना व्यक्तिगत उत्तरदायित्व भी समझते हैं इंसानियत के नाते । मेरे बन्धुओं मैं समझता हूं कि सभी प्रश्नों के उत्तर मैंने दे दिये हैं।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

SHRI GURUDAS DAS GUPTAff Madam, at the beginning I had raised the question that the Minister did not give to us any statistics so far as the incidents relating to atrjeities among the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other weakre sections are concerned. I would like the Government to tell tlw House in how many cases the delinquent officers, res-. ponsible for dereliction of duty, were . punished, because I had given nim statistics that in one single year there have been more than 1200 cases of outrage. Therefore, just to prov-s the *boiia fides* that the Government is lent upoa taking some strict measures, will the Government tell us, in how many cases the offl-. cers, the policemen and custodians of law and order hare betn punished? Thirdly. Madam, I had requested the Minister, on the question of law, for the agricultural workers and other rnral workers what fa the attitude of the Govemment, because the National Comaitssicn had submitted the report that to improve the • economic condition they need pt election?

The third question I put is. What is the attitude towards the report of the Rural Commission on workers?

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I want a humble suggestion to be taken if the Minister considers it right. Crime against women irrespective of what community you belong to or what party you belong to is a national crime. This cannot be equated to monetary compensation. You cannot equate.

औरत के साथ बलात्कार हो गया उसको 30 रुपये, सौ रुपये दे दिये या नौकरी

Crime against women ig not punishable by payment of monetary claim. It has to be.a physical punishment. They have to be imprisoned.

उसकी तस्वीर उतार दो और अखबार में छाप दो और हर पुलिस स्टेशन पर उसकी तस्वीर रहे । This man is offender against women.

श्रीमती सत्या बहिन : उपसभापति महोदया, मैं मंत्री महोदया से जानना चाहती हूं कि मंत्री महोदय के बयान में है प्रधानमंत्री समस्त मुख्य मंत्रियों की बैठक बुलायेंगे, हरिजन और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर विचार करने के लिये। मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, क्या उस संबंध में भी आप अलग से मुख्य मंत्रियों की एक बैठक बुलायेंगी और उसमें किसी नीति का निर्धारण करेंगे ? और दूसरा यह कि इस बारे में जो रोज खबरें आ रही हैं उनको देखते हुए क्या आप इस दिशा में ठोस कदम उठायेंगे ?

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: As far as atrocities on the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are concerned, will the Government ....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Did you speak on this subject?

श्री सीताराम केसरी : : मान्यवर ।

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: I am just asking a specific question.

उपसभापति : आप तो बोल चुके हैं । आपको पहले ही स्पेसिफिक क्वेश्चन पूछना चाहिये था ।

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: What does the Government intend to do as far as atrocities are concerned? Is the Government bringing a White Paper on it?

श्री सीताराम केसरी : आदरणीय उपसभापति महोदया, जहां तक गुरुदास दास गुप्ता जी का प्रश्न है कि क्या कुछ आफिसरों को किसी तरह का पनिशमेंट दिया जायेगा जिन्होंने सर्विस में, सेवा में इसको इग्नोर किया है । तो मैं इसके बारे बारे में पूरी छान-बीन करके सारी तालिका पेश कर दूंगा ।

जो बहिन ने कहा कि जो मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है, उस सम्मेलन में क्या बहिनों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, उस पर विचार होगा, तो निश्चित ही विचार होगा । इस बात का आप ध्यान रखें कि कोई भी अट्रोसिटी अगर वीकर सेक्शन पर होती है तो चाहे हरिजन हों, आदिवासी हों, बहिनें हों, बेटियां हों, बच्चे हों, ये कमजोर वर्ग के हैं और इन सब का मतलब वीकर सेक्शन होता है । इसलिये बहिन विश्वास रखें कि इस मुख्य मंत्री सम्मेलन में इन सारी चीजों पर विस्तार पूर्वक चर्चा होगी ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Calling Attention is over. We will take up the Code of Criminal Procedure (Second Amendment) Bill, 1991. *{Interruptions)* .

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: This particular Bill was defeated in this House and within a span of less than a month it is being brought back through the back-door and the Government is arguing that the BilI has been changed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us move the motion first.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: We strongly protest against the backdoor introduction of a Bill that has fallen through in the House,

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Madam, may I make a submission? This Bill was defeated in the last Session not because we wanted to embarrass the Government; we really felt that this Bill is uncalled for. We felt that this Bill is a slur on the federal system of this country. So, we defeated this Bill. But the Government is saying that they have made some changes. If you go through the Bill, you will find that the changes are cosmetic. . . . *{Interruptions)* . Really, no change has been effected in the Bill. The spirit of the Bill still remains the same. Changes made by the Government are simply a way to bring it back in this session. So, we strongly object Government's taking up this Bill at this stage.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : उपसभापति महोदया, आपको अच्छी तरह से याद होगा कि 5-8-1991 को जब यह बिल माननीय गृह मंत्री ने इस सदन में प्रस्तुत किया था तो सत्ताधारी दल के ही एक माननीय सदस्य श्री एस० एस० अहलुवालिया ने उसको निरस्त करने का प्रस्ताव रखा था । उपसभापति महोदया, इस सदन के इतिहास में शायद वह पहला मौका था जब सत्ताधारी दल के माननीय सदस्य का जो प्रस्ताव आया उसमें विपक्षी दलों ने सत्ताधारी पक्ष के सदस्य के प्रस्ताव का समर्थन किया और उसके कारण सरकार की हार हुई । सदन के इतिहास में, जनतंत्र के इतिहास में एक बहुत बढ़िया अध्याय की शुरूआत हुई । यदि कोई अच्छी बात उधर से आती है तो हम सपोर्ट करते हैं । यह दूसरी बात है कि हमारी कोई भी अच्छी बात को सत्ताधारी दल के लोग सपोर्ट नहीं करते हैं । मैं आपसे यह कहना चाहता हूं, मैंने उस दिन भी कहा

था जब गृह मंत्री महोदय ने कल सदन के सामने यह बिल प्रस्तुत किया तो मैंने कहा था कि आपने जो कारण इसके अन्दर दिये हैं कि आपको क्यों इस बिल को पुनः लाना पड़ा, आपको इस में यह कहना चाहिये था कि हमारे ही सत्ताधारी पक्ष के एक सदस्य के कारण हमारी हार हुई जिसके कारण पुनः हम को यह बिल लाना पड़ा। निश्चित रूप से मैं समझता हूं कि फिर जबकि लगभग वही कार्य चल रहा है, सदन और लोकतंत्र के लिए यह कभी भी मर्यादापूर्ण नहीं होगा कि गृह मंत्री जी इस बिल को इस तरह से लाएं। इसलिए हम इसका विरोध करते हैं और मैं समझता हूं कि माननीय गृह मंत्री महोदय भी इसको पेश नहीं करेंगे।

SHRI SUKOMAL SEN: It is highly objectionable, improper and unethical that the Government has come again with the Bill which was defeated in the House, not to put the Government to any difficulty but only in principle. At that time we fought on principle that this Bill affects the Centre-State relations and it is an attack on the States' rights. So we opposed the Bill and it was defeated. Again the Government is coming up with the Bill with the same substance. So it is improper and unethical and we strongly object to it.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: उपसभापति महोदया, आपको स्मरण होगा जब दो दिन पहले इंट्रोड्यूस किया गया था तब मैंने अपने दल की ओर से विरोध किया था कि यह इंट्रोड्यूस नहीं होना चाहिये। मैं इसका विरोध करता हूं। यह टेक्नीकली वही बिल ला रहे हैं लेकिन इस सदन में यह डिफीट किया गया बिल है जिसकी धाराएं भी अनुचित हैं। जैसे मेरे सहयोगियों ने कहा, हमने केवल विरोध करने के लिए ही इसका विरोध नहीं किया था। सौभाग्य है हम लोगों का कि हमारे साथी ने उधर से प्रस्ताव रखा, हमने उसको स्वीकार किया। यह एक प्रकार से सदन की अवमानना है टेक्नीकल कुछ भी हो। इसलिए हम लोग कम से कम मेरा दल और बहुत से विरोधी दल अपने को इसके संबद्ध नहीं कर सकते हैं। हमारा ऑब्जेक्शन है, यदि सब सहयोग करेंगे तो हम जो भी पग उठायेंगे वह आपके सामने आ जाएगा।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: उपसभापति महोदया।

श्री शंकर दयाल सिंह: मालवीय जी आप लोग तो यह बिल लाए थे।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: उपसभापति महोदया, इस संशोधन का असर पंजाब में भी पड़ेगा जहां राष्ट्रपति शासन है। इसकी चर्चा इस में है। इसमें नोटिफिकेशन हुआ है 30 जून को कि 25 सितम्बर तक पंजाब में चुनाव करा लिये जाएंगे और 30 सितम्बर तक पंजाब विधान सभा गठित हो जाएगी लेकिन चूंकि चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं, इसके विरोध में मे सदन से बहिर्गमन करता हूं (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह: यह बिल्कुल अनैतिक है। (व्यवधान) Therefore, I walk out.

SHRI MBNTAY PADMANABHAM: We appeal to the Government to withdraw the Bill. But if they are not withdrawing, in protest, we walk out.

(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)

THE CODE OF CRIMINAL PROCEDURE (SECOND AMENDMENT) BILL, 1991

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Code of Criminal Procedure, 1973 be taken into consideration."

As the Hon'ble Members are aware, section 197 of the Code of Criminal Procedure, 1973 provides for the previous sanction of the Central Government or, as the case may be, the State Govemment before a court took cognizance of an offence alleged to have been committed by any public servant including